दैनिक भास्कर 27/12/2023

अंतरराष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हुईं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रितु

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रितु

गुप्ता को इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑर्गेनाइज्ड रिसर्च (आईटूओआर) की तरफ से अंतरराष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने इस उपलब्धि पर कहा कि इस सम्मान से कॉलेज का नाम रोशन हुआ है। डॉ. रितु गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता वाली शिक्षा को विद्यार्थियों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। कॉलेज प्रबंधन कमेटी व स्टाफ का भी पूरा सहयोग उन्हें सदैव मिलता है।